## महत्वपूर्ण एवं खास

### ममेरी बहन से बात करने पर युवक की पिटाई, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** मोबाइल पर ममेरी बहन से बात करने को लेकर दो युवकों ने युवक को गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं शीशी से मारकर चोट पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार रामनगर गुढ़ियारी निवासी दिलीप कुमार साहू 28 वर्ष पिता स्व. संतराम साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 11 नवंबर को मंडी चौक राम मंदिर के पास पंडरी में लोधीपारा निवासी करन यादव एवं अन्य एक युवक ने प्रार्थी को ममेरी बहन से मोबाइल पर बात करने को लेकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का व शीशी से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### मुख्यमंत्री बघेल ने किया छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के 44 जीएडी भवनों का लोकार्पण

**कोरिया (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विगत 9 नवंबर को जिले के नगर पालिक निगम चिरमिरी के लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के 44 जीएडी भवनों का लोकार्पण किया। मण्डल द्वारा विकासखंड खडगवां में 4 करोड़ 88 लाख रूपये की लागत से 18 जी टाईप, 6 एफ टाईप एवं 20 एच टाईप भवनों का निर्माण किया गया है।

### रोड एक्सिडेंट में एक की मौत एक घायल, 304 ए तहत मर्ग कायम कर पुलिस जुटी जांच में

**रायपुर (आरएनएस)।** रोड एक्सिडेंट में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। व पीछे बैठे युवक घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट गोबरा नवापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दादरझारी निवासी पुरुषोत्तम साहू 26 वर्ष पिता खेलूराम साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 11 नवंबर को ग्राम छाटा तालाब के पास प्रार्थी का छोटा भाई होरीलाल साहू 21 वर्ष एवं साथी राजा यादव मोटर साइकिल से जा रहे थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसके चलते होरीलाल साहू की मौके पर ही मौत हो गई व पीछे बैठा राजा यादव घायल हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत मर्ग कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### मुख्यमंत्री शामिल हुए गुरूनानक देवजी के 550वें प्रकाश पर्व में

**» सिख समाज ने मुख्यमंत्री को सरोपा भेंट कर किया स्वागत**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज यहां राजधानी रायपुर के खालसा स्कूल में आयोजित गुरुनानक देवजी के 550वें प्रकाश पर्व में शामिल हुए। उन्होंने गुरू ग्रन्थ साहिब में मत्था टेका और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को प्रकाश पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुनानक देव महान संत थे जिन्होंने जीवन जीने की कला सिखलाई। उन्होंने प्रेम, सदाचार, भाईचारा और समानता का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने गुरुनानक देव के जीवन से जुड़े प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरुनानक देवजी ने जो खरा सौदा किया वही आज लंगर के रूप में प्रसिद्ध है। मुख्यमंत्री ने सिख समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि सिख समाज की पहचान एक जिंदा दिल कौम के रूप में है। हर परिस्थिति में कैसे खुश रहा जा सकता है उनसे सीखा जा सकता है। इस अवसर पर गुरूदारा प्रमुख दिलीप सिंह होरा, विधायक कुलदीप जुनेजा, कृपाल सिंह होरा, निरंजन सिंह खनूजा, इन्द्रजीत सिंह छावड़ा और प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का शॉल, फ्ल और सरोपा भेंट कर स्वागत किया।

### मुख्यमंत्री निवास पर 13 को जनचौपाल भेंट-मुलाकात का आयोजन

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास में कल बुधवार 13 नवम्बर को जनचौपाल, भेंट-मुलाकात का आयोजन किया जाएगा। जनचौपाल में मुख्यमंत्री लोगों से जनसमस्याओं, सुझावों, जनहितकारी योजनाओं के फीड बैक से अवगत होंगे और आमजनों तथा संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। जन चौपाल का आयोजन सुबह 11 बजे से शुरू होगा।

### नहीं आया एलायंस का सर्वे दल, हो सकती है उड़ान में देरी

**जगदलपुर (आरएनएस)।** संभाग को हवाई सेवा से जोड़ने के प्रयासों के तहत इस महीने की ही 11-12 तारीख को एलायंस एयर का एक सर्वे दल यहां उड़ान से संबंधित औपचारिकतायें परखने आने वाला था, लेकिन यह एलायंस का सर्वे दल नहीं आ सका और अब बस्तर से उड़ान में और देरी हो सकती है। अब मिली जानकारी के अनुसार यह सर्वे दल आगामी 14 नवंबर को यहां आने की संभावना है। इस प्रकार अभी उड़ान से संबंधित कोई जानकारी उपलब्ध यहां पर नहीं है। उल्लेखनीय है कि एलायंस एयर का यह सर्वेक्षण दल यहां सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं की जांच करेगा और अपने साथ आये एटीआर-72 विमान के उतरने और उड़ने से संबंधित सभी स्थितियों को जांचेगा, यदि यह दल संतुष्ट हुआ तो फिर कदाचित बस्तर से हवाई सेवा शुरू हो सकती है। इस सिलसिले में यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि एविएशन विभाग के द्वारा एलायंस एयर को निर्धारित तिथि पर न आने पर फटकार भी लगाई है। अभी वर्तमान में करीब-करीब सारी सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को पूरा किया जा चुका है, लेकिन पूरी तरह इसे नहीं किया जा सका है। अभी सबसे बड़ी बाधा विमान तल के अंदर बनी हुई डीआरडीओ की कॉलोनी की चारदीवारी सबसे बड़ी बाधा है।

# कार्तिक पूर्णिमा पर पुण्य स्नान के साथ ही गुरुनानक देव जयंती धूमधाम से मनाई गई



**रायपुर (आरएनएस)।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर महादेव घाट स्थित पुण्य सलिला खारून नदी में सुबह से ही भक्तों ने कतार में लगकर पुण्य स्नान कर हठकेश्वरनाथ के दर्शन किए। ज्ञातव्य है कि पुन्नी स्नान के बाद भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने पर अक्षय सुखों की प्राप्ति होती है। पुन्नी मेला के दिन स्नान कर नदी किनारे सात प्रकार के अनाज व हरी सब्जी मूली भाठा का घर बनाकर अलग-अलग खण्ड में सात प्रकार के अनाज भरकर यथानुसार नदियों के पास दान किया जाता है। पुन्नी मेला के शुभ अवसर पर वर्षो पुरानी परंपरा के तहत आज बच्चों के मनोरंजन के लिए रइचुली झूला सुबह से ही लग गया है। वहीं आसपास के स्थान में विभिन्न खाद्य पदार्थों की दुकान के साथ ही मनिहारी सामान बेचने वालों की दुकान सुबह से ही सजकर तैयार हो गई है। पुन्नी मेले के शुभ अवसर पर मल्लाहों ने भी अपनी नाव रंग बिरंगी कतरनों के साथ सजाई है। सुबह से ही स्नान के बाद भक्तगणों द्वारा हठकेश्वरनाथ की पूजा के उपरांत नौका विहार का आनंद भी श्रद्धालु लेते दिखे। उधर गुरूनानक देव के 550वें प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुनानक देव जयंती का आयोजन मुख्य स्थल खालसा स्कूल सहित शहर के विभिन्न गुरुद्वारों में श्रद्धालुओं द्वारा विशेष अरदास कर गुरुग्रंथ साहिब को प्रणाम कर किया गया । सुबह से ही शहर में गुरुवाणी के साथ ही अनेक चौपहिया वाहन में सवार भक्तों द्वारा जो बोले सो निहाल सत अकाल के जयघोष के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। अनेक गुरुद्वारों में आज गुरूनानक देव जयंती के अवसर पर गुरु का प्रसाद वितरित करने के लिए अटूट लंगर का आयोजन किया गया है।

### तालाब किनारे मिला युवक की लाश, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हत्या का मामला दर्ज

**» अज्ञात आरोपी के खिलाफ मर्ग कायम कर पुलिस जुटी जांच में**



**रायपुर (आरएनएस)।** तालाब के पास मृत अवस्था में मिले युवक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 302, 201 के तहत मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार 30 सितंबर 2019 को पनखटिया तालाब के पास परसदा निवासी देवेश जांगड़े 27 वर्ष पिता रमेश जांगड़े की मृत अवस्था में पड़ी लाश को देखकर किसी ने घटना की जानकारी 112 को दिया था। सूचना पाकर मंदिर हसौद थाना पुलिस ने मृतक का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि मृतक की किसी ने गला दबाकर हत्या कर तालाब किनारे फेंक दिया था। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का जुर्म दर्ज कर मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है।

### व्याख्याता भर्ती: 6 विषयों में 3800 अभ्यर्थियों का हुआ सत्यापन

**रायपुर (आरएनएस)।** लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा व्याख्याता की सीधी भर्ती के लिए व्यापम के माध्यम से चयन परीक्षा ली गई थी। व्यापम द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के आधार पर ओवरऑल मेरिट सूची में अर्ह पाए गए अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन 5 नवम्बर से 11 नवम्बर तक स्थानीय शिक्षक-शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर में किया गया। सभी 6 विषयों में कुल 4104 अभ्यर्थियों को सत्यापन के लिए बुलाया गया था। जिसमें 3800 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 304 अनुपस्थित रहे। सत्यापन दो पालियों में प्रातः 10 बजे दोपहर 12.30 बजे से आयोजित किया गया था।

अंग्रेजी विषय में आज 11 नवम्बर को सत्यापन का कार्य शांतिपूर्वक संपादित हुआ। इसमें बुलाए गए कुल 593 अभ्यर्थियों में से 49 अभ्यर्थी अनुपस्थित हुए। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सत्यापन के लिए सभी संवर्ग के अभ्यर्थियों को मेरिट सूची में ओवरऑल रैंक के आधार पर बुलाया गया। दस्तावेज सत्यापन के लिए संचालनालय और जिला स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गया था। अभ्यर्थियों की सुविधा की दृष्टि से 10 टेबल काउंटर लगाए गए थे।

### मुख्यमंत्री ने महादेव घाट पर किया कार्तिक पूर्णिमा स्नान

**» प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की**



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज कार्तिक पुन्नी के अवसर पर प्रातः राजधानी रायपुर के महादेव घाट पहुंचकर खारून नदी में कार्तिक पूर्णिमा स्नान कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री ने खारून नदी में कार्तिक स्नान करने के उपरांत नदीतट पर स्थित ऐतिहासिक हटकेश्वर महादेव मंदिर में महादेव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की और प्रदेश के विकास के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री परंपरागत गंगा आरती कार्यक्रम में सम्मिलित हुए व दीपदान किया। उन्होंने कार्तिक पूर्णिमा की सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर आयोजित मंचीय कार्यक्रम में लोककलाकार दिलीप षडंगी द्वारा राज्यगीत 'अरपा पैरी के धार' की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में विधायक रायपुर पश्चिम विकास उपाध्याय, विधायक रायपुर ग्रामीण सत्यनारायण शर्मा, महापौर प्रमोद दुबे, रामसुंदर दास, प्रदीप शर्मा, विनोद वर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### धान कटाई के लिए नहीं मिल रहे मजदूर



**जगदलपुर (आरएनएस)।** इन दिनों अंचल में जोर-शोर से धान कटाई चल रही है, लेकिन किसानों को इसके लिए मजदूरों की समस्या उत्पन्न हो गयी है। बताया जाता है कि इस वर्ष बेमौसम बारिश के कारण एक साथ कम व अधिक अवधि वाले धान की फसल की कटाई करनी पड़ रही है। सभी किसानों द्वारा एक साथ धान कटाई शुरू करने के कारण मजदूर नहीं मिल पा रहे हैं।

गौरतलब है कि बस्तर में इस वर्ष धान की फसल की बम्पर पैदावार हुई है। जिससे किसान काफी खुश हैं, लेकिन विगत दिनों हुई बेमौसम बारिश से किसानों को परेशानी बढ़ गयी है। बारिश के कारण किसान कम अवधि वाले धान की फसल की कटाई नहीं कर पाये थे। अब चूंकि मौसम खुल गया है और सभी प्रकार के धान की फसल एकसाथ पककर तैयार है। इन दिनों सभी किसानों ने एक साथ धान की कटाई शुरू कर दी है। जिसके कारण किसानों को मजदूरों की समस्या उत्पन्न हो गयी है। किसान अधिक मजदूरी देकर दूसरे गांवों से मजदूर लाकर काम करने मजबूर हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

### विश्व स्वास्थ्य संगठन और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सदस्यों ने टीबी नियंत्रण केन्द्र का किया निरीक्षण

**रायपुर (आरएनएस)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ)और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सदस्यों ने मंगलवार को राजधानी रायपुर स्थित टीबी नियंत्रण केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान सदस्यों द्वारा यहां के स्वास्थ्य अधिकारियों से टीबी के नियंत्रण को लेकर जानकारी ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्व स्वास्थ्य संगठन और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की संयुक्त टीम के सदस्यगण प्रदेश में दौरे पर आई हुई है। आज दोनों टीम के सदस्यों ने रायपुर के कालीबाड़ी स्थित टीबी नियंत्रण केन्द्र पहुंची और यहां निरीक्षण किया। इस दौरान यहां के स्वास्थ्य अधिकारियों से टीबी नियंत्रण को लेकर जानकारी भी ली।

### धान की सब्सिडी नहीं दी तो बस्तर का लोहा बाहर जाने नहीं देंगे - विक्रम मंडावी

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किसानों के समर्थन में धान का मूल्य बढ़ाने के लिए आज एक दिवसीय धरना जिला मुख्यालय में दिया गया। यहां एक हजार से अधिक किसानों ने सभा में भाग लेकर धरना व रैली निकाल कर प्रधानमंत्री के नाम 8 सूत्रीय मांग का ज्ञापन कलेक्टर बीजापुर को सौंपा। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों का 2500 रू. क्विंटल धान क्रय करने से आशा का संचार हुआ है। जिससे किसान, युवा तथा बेरोजगारों में खुशी का माहौल बना हुआ है। भाजपा सरकार के वक्त केन्द्र से धान खरीदी में राहत दिया गया था, छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने भी राहत देने की मांग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से की है। वहीं 2500 रूपए में धान खरीदी के साथ प्रदेश में 1960 फूड सब्सिडी और जीएसटी क्षति पूर्ति राशि प्रदान करने, रोजगार गारंटी योजना में 300 करोड़ राशि प्रदान करने, किसान सम्मान निधि, वन भूमि पट्टा का अधिकार समेत आठ सूत्री मांग केन्द्र सरकार से की गई है। अगर केन्द्र की सरकार मांग पूरा नहीं करती है, तो बस्तर का लोहा बस्तर से बाहर नहीं जाने देने की चेतावनी दी है।

### बोलने वाली पहाड़ी मैना की वंश वृद्धि करने के उपाय जारी



**जगदलपुर (आरएनएस)।** स्थानीय वन विद्यालय में बने बड़े पिंजरे में दो नई बोलने वाली पहाड़ी मैना को इस उद्देश्य से रखा गया है कि अब इनकी वंश वृद्धि होगी। इन दोनों मैना को पहले विद्यालय में ही स्थित छोटे पिंजरे में रखा गया था और इन्हें प्राकृतिक वातावरण प्रदान करने की कोशिश भी की गई थी। अब चूंकि बड़ा पिंजरा पिछले दिनों आर्या नाम की पहाड़ी मैना की मौत हो चुकी है और यह बड़ा पिंजरा खाली हो गया था अब इन्हें बड़े पिंजरे में स्थानांतरित कर दिया गया है। इन मैना की देखरेख के लिए एक रक्षक भी तैनात किया गया है।

उल्लेखनीय है कि इस पहाड़ी मैना की यह विशेषता होती है कि यह आदमी के समान ही आवाज निकालने में सक्षम होती हैं और यह बस्तर में पहले प्रचुर मात्रा में दिखती थीं लेकिन अब इनकी संख्या कम हो चुकी है। इसे राजकीय पक्षी का स्तर प्राप्त है। इनकी घटती हुई संख्या से राज्य शासन ने इनकी वंशवृद्धि के लिए शहर के गीदम रोड स्थित वन विद्यालय में एक बड़ा पिंजरा वर्ष 2005 में लगाया गया है, जहां 12 वर्ष तक एक मैना के रहने के बाद उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद इन सोनू-मोनू नाम की दो पहाड़ी मैना को छोटे पिंजरे से बड़े पिंजरे में रखा गया है। कांगेर घाटी क्षेत्र के गंगालूर, बारसूर सहित दरभा व बैलाडीला की हरी-भरी पहाड़ियों में इन पहाड़ी मैना के दर्शन भी प्राकृतिक रूप से हो जाती हैं। लेकिन अब इनका दिखना बहुत कम हो गया है इसलिए इनकी वंश वृद्धि के लिए स्थानीय वन विद्यालय में पिंजरा बनाकर इन्हें रख इनकी वंश वृद्धि के प्रयास अभी चल रहे हैं।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 टी.पी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य स्तर में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU